Seat No. : ______________

# MF-132

**March-2019**

**B.A., Sem.-V**

**CE-305 : Hindi**
**(विशिष्ट साहित्यकार – कमलेश्वर)**

**Time : 2.30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना :** (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखें ।

(2) निम्नलिखित प्रश्न 1 और 2(ब) में से किन्हीं **चार** तथा प्रश्न 3 और 4 (ब) में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर या एक-दो वाक्यों में दीजिए ।

1. (अ) कमलेश्वर के व्यक्तित्व का परिचय देकर एक आधुनिक और सफल गद्यकार के रूप में मूल्यांकन कीजिए । **14**

**अथवा**

कमलेश्वर के प्रसिद्ध उपन्यास 'समुद्र में खोया हुआ आदमी' का एक सफल लघु उपन्यास के रूप में रचनात्मक वैशिष्ट्य बताइए ।

(ब) (1) कमलेश्वर को साहित्य अकादमी का पुरस्कार किस उपन्यास पर मिला ? **4**

(a) एक सड़क सत्तावन गलियाँ । (b) काली आँधी ।
(c) कितने पाकिस्तान । (d) समुद्र में खोया हुआ आदमी ।

(2) कमलेश्वर का संबंध इनमें से किस स्थान से रहा है ?

(a) मैनपुरी (b) छपरा
(c) बाराबंकी (d) बरेली

(3) कमलेश्वर के समग्र गद्य-साहित्य के केन्द्र में कौन है ?

(a) निम्न वर्ग (b) संघर्षशील मध्यम वर्ग
(c) उच्च वर्ग (d) महिला वर्ग

(4) कमलेश्वर दार्शनिक थे या चिंतक ?

(5) 'कमलेश्वर अपने युग के सत्य को अभिव्यक्त करने में सक्षम थे' – क्या आप सहमत हैं ?

(6) 'समुद्र में खोया हुआ आदमी' के अलावा कमलेश्वर के दो और उपन्यासों के नाम बताइए ।

2. (अ) 'समुद्र में खोया हुआ आदमी' के कथानक की विशेषताएँ संक्षेप में बताकर उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । **14**

**अथवा**

'समुद्र में खोया हुआ आदमी' में व्यक्त महानगरीय मध्यवर्गीय जीवन का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए ।

(ब) (1) समुद्र में खोया हुआ आदमी वास्तव में इनमें से कौन है ? **4**

(a) बीरन (b) श्यामलाल

(c) हरबंस (d) लेखक

(2) तारा श्यामलाल की कौन सी बेटी थी ?

(a) सौतेली (b) पहली

(c) तीसरी (d) वह उनकी बेटी नहीं थी

(3) 'समुद्र में खोया हुआ आदमी' में कुल कितने खण्ड हैं ?

(a) बीस (b) सत्रह

(c) पचीस (d) पंद्रह

(4) श्यामलाल के घर का काला खानदानी संदूक किस चीज़ का प्रतीक है ?

(5) हरबंस बीरन की मौत को स्वीकारने की सलाह क्यों देता है ?

(6) बीरन की मृत्यु कैसे हुई थी ?

3. (अ) 'श्यामलाल मध्यवर्गीय पीड़ित समाज का प्रतिनिधि पात्र है ।' सोदाहरण चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

हरबंस और बीरन के चरित्र की विशेषताएँ बताइए ।

(ब) (1) आर्थिक दबाव मानवीय मूल्यों को तोड़ रहे हैं – यह सर्वाधिक किसके चरित्र से फलित होता है ? **3**

(a) बीरन (b) श्यामलाल

(c) हरबंस (d) रम्मी

(2) "कहाँ खो गया मेरा बच्चा... हाय रे... कहाँ खो गया मेरा बच्चा... ।" ये किस पात्र के उद्गार हैं ?

(a) रम्मी (b) तारा

(c) समीरा (d) पड़ोसन

(3) श्यामलाल के घर वीरेन्द्रनाथ के लापता होने की या मौत की खबर कौन लाता है ?

(4) बीरन को बर्फ में उगे हुए पक्षी घरवालों की याद क्यों दिला रहे थे ?

(5) "यह शहर ऐसा है कि बिना पैसे के यहाँ कोई पहचानता ही नहीं, पैसा पास है, तो दुनिया अपनी है, नहीं तो कोई साला ....." यह कथन कौन कब कहता है ?

4. (अ) 'तलाश' कहानी का सारांश लिखकर इसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । **14**

**अथवा**

'खोई हुई दिशाएँ' कमलेश्वर की श्रेष्ठ कहानी है । एक सफल कहानी के रूप में इसका मूल्यांकन कीजिए ।

(ब) (1) 'तलाश' कहानी में पुरुष पात्र कितने हैं ? **3**

(a) एक (b) दो

(c) तीन (d) एक भी नहीं

(2) 'राजा निरबंसिया' की मूल कथा के पीछे किसकी कथा छिपी है ?

(a) राजा–रानी की (b) परियों की

(c) जगपति और चन्दा की (d) देवी–देवता की

(3) 'राजा निरबंसिया' के शीर्षक की क्या विशेषता है ?

(4) 'खोई हुई दिशाएँ' की प्रतीकात्मकता कैसा प्रभाव डालती है ?

(5) 'खोई हुई दिशाएँ' में किस शहर का वर्णन है ?

Seat No. : _______________

# MF-132

**March-2019**

**B.A., Sem.-V**

**CE-305 : Hindi**
**Vishishth Sahityakar (Padhya)**

**Time : 2.30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना :** (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखें ।

(2) निम्नलिखित प्रश्न 1 और 2(ब) में से किन्हीं **चार** तथा प्रश्न 3 और 4 (ब) में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर या एक-दो वाक्यों में दीजिए ।

1. (अ) धर्मवीर भारती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दीजिए । **14**

**अथवा**

धर्मवीर भारती की रचनात्मक विशिष्टताओं पर प्रकाश डालिए ।

(ब) (1) 'गुनाहों का देवता' धर्मवीर भारती का क्या है ? **4**

(a) कहानी (b) कविता

(c) उपन्यास (d) निबन्ध

(2) सन् 1972 में धर्मवीर भारती किससे अलंकृत हुए ?

(a) पद्मश्री (b) सारस्वत सम्मान

(c) साहित्य अकादमी (d) महाराष्ट्र गौरव

(3) धर्मवीर भारती की मृत्यु कब हुई ?

(a) 1900 (b) 1992

(c) 1997 (d) 1998

(4) धर्मवीर भारती का जन्म कब हुआ था ?

(5) धर्मवीर भारती की माता का नाम क्या था ?

(6) धर्मवीर भारती की दूसरी पत्नी का क्या नाम था ?

2. (अ) अंधायुग काव्य-नाटिका में चित्रित समस्याओं का निरूपण कीजिए । **14**

**अथवा**

अश्वत्थामा का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ब) (1) अंधायुग में कुल कितने अंक हैं ? **4**

(a) दो (b) तीन

(c) चार (d) पाँच

(2) अंधायुग का चौथा अंक कौन सा है ?

(a) कौरव नगरी (b) पशु का उदय

(c) गांधारी का शाप (d) विजय : एक क्रमिक आत्महत्या

(3) अंधायुग की भाषा क्या है ?

(a) ब्रज (b) अवधी

(c) खड़ीबोली हिन्दी (d) डिंगल

(4) अंधायुग का आधार कौन सा पौराणिक ग्रंथ है ?

(5) अश्वत्थामा के पिता का क्या नाम था ?

(6) धृतराष्ट्र का कौन सा पुत्र युद्ध में पांडवों की ओर से लड़ा था ?

3. (अ) 'ठंडा लोहा' कविता के केन्द्रीय भाव को समझाइए। **14**

**अथवा**

'कविता की मौत' काव्य की समीक्षा कीजिए।

(ब) (1) मैं और मेरी कविता तो चाक पर चढ़ी हुई गीली क्या है ? **3**

(a) मिट्टी (b) रेती

(c) कविता (d) सरिता

(2) ओ मेरी आत्मा की कौन ?

(a) संगिनी (b) रागिनी

(c) बंदिनी (d) मोहिनी

(3) तुम कितनी सुन्दर लगती हो जब तुम हो जाती हो क्या ?

(a) उदास (b) निराश

(c) हताश (d) खुश

(4) 'ठंडा लोहा' काव्य-संग्रह की प्रथम कविता कौन सी है ?

(5) 'कारे कजरारे मेघों का स्वामी' कवि ने किसे कहा है ?

4. (अ) संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **14**

युद्धोपरान्त,

यह अन्धा युग अवतरित हुआ
जिसमें स्थितियाँ, मनोवृत्तियाँ, आत्माएँ सब विकृत हैं
है एक बहुत पतली डोरी मर्यादा की
पर वह भी उलझी है दोनों ही पक्षों में
सिर्फ कृष्ण में साहस है सुलझाने का
वह है भविष्य का रक्षक, वह है अनासक्त
पर शेष अधिकतर हैं अन्धे
पथभ्रष्ट, आत्महारा, विगलित
अपने अन्तर की अन्धगुफाओं के वासी
यह कथा उन्हीं अंधों की है;
या कथा ज्योति की है अन्धों के माध्यम से

**अथवा**

प्रलय से निराशा तुझे हो गयी
सिसकती हुई साँस की जालियों में
सबल प्राण की अर्चना खो गयी
थके बाहुओं में अधूरी प्रलय
औ' अधूरी सृजन-योजना खो गयी
थकन से निराशा तुझे हो गयी ?
इसी ध्वंस में मूर्छित-सी कहीं
पड़ी हो नयी जिन्दगी, क्या पता ?
सृजन की थकन भूल जा देवता !

(ब) (1) दोनों ही पक्षों में जीता कौन ? **3**

(a) अंधापन (b) भोलापन

(c) अपनापन (d) बालपन

(2) भूख ने उनकी क्या तोड़ दी ?

(a) जवानी (b) किस्मत

(c) जिन्दगी (d) कमर

(3) मेरे ही कंधों पर होगा अपने युग का क्या होगा ?

(a) गंगावतरण (b) समर्पण

(c) तर्पण (d) अवतरण

(4) अंधायुग का घटना–काल कौन सा है ?

(5) अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से कृष्ण किसके गर्भ की रक्षा करते हैं ?